प्रस्ताव हेतु अनुरोध

टेंडर जमा करने की तिथि बढ़ाई गयी है

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की प्रिंटिंग, पैकिंग और आपूर्ति हेतु पात्र, प्रतिष्ठित मुद्रकों से मुहरबंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित करता है. उक्त वर्णित कार्य के लिए बोली लगाने की इच्छुक एजेन्सियां इस आमंत्रण दस्तावेज में उल्लिखित ब्यौरे के अनुसार मुहरबंद लिफाफे में कोटेशन प्रस्तुत करें. यह नोट किया जाना चाहिए कि यह कार्य नाबार्ड द्वारा वर्ष 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट प्रिंट करने हेतु दिया जाएगा. नाबार्ड को किसी भी समय बिना कोई कारण बताए एजेन्सी के साथ इस संविदा को अस्वीकार करने का अधिकार होगा.

विधिवत् रूप से पूर्णत: तैयार कोटेशन, लिखित रूप में निम्नलिखित पते पर भिजवाया जाए :

मुख्य महाप्रबंधक,
आर्थिक विश्लेषण एवं अनुसंधान विभाग (डियर),
नाबार्ड प्रधान कार्यालय, 4वीं मंजिल 'सी' विंग,
प्लॉट नं.सी-24, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई - 400 051.
इ-मेल : dear@nabard.org

बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख एवं समय **24 जनवरी 2020 को 1500 बजे तक.**

निविदा प्रक्रिया और चयन प्रक्रिया :

2. नाबार्ड द्वारा अपनाई जाने वाली प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया और चयन प्रक्रिया का विवरण नीचे इंगित है:

क) वेंडर/ बोलीकर्ता का चयन द्वि-स्तरीय बोली प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा. बोली प्रस्ताव दो भाग में प्रस्तुत किए जाएंगे, अर्थात् तकनीकी बोली और वित्तीय बोली. ये प्रस्ताव के दो अलग-अलग भाग हैं.

- कोटेशन भाग I - तकनीकी बोली **प्रोफार्मा 'ए'** में इंगित किए गए अनुसार एक अलग लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा एवं लिफाफे पर **'नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की प्रिंटिंग हेतु कोटेशन - तकनीकी बोली'** लिखा होना चाहिए और इसे (i) मुख पृष्ठ के लिए 300 जीएसएम यूगो फोरेन आर्ट कार्ड पेपर और (ii) अंदर के पृष्ठों के लिए 100 जीएसएम फिनलैन्ड लुमी मैट आर्ट पेपर, रिपोर्ट की खूबसूरत बाइंडिंग के लिए **ए4 साइज़ के नमूना**

सेट के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए. **एजेन्सी को उनके द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान प्रिंट की गई रिपोर्टों की 3-4 नमूना प्रतियां (हार्ड कॉपी) भी प्रस्तुत करनी चाहिए.**

- कोटेशन भाग II - वित्तीय बोली **प्रोफार्मा 'बी'** में इंगित किए गए अनुसार एक अलग लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा एवं लिफाफे पर **'नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की प्रिंटिंग हेतु कोटेशन - वित्तीय बोली'** लिखा होना चाहिए.

ख) पात्रता/ अर्हता-पूर्व मानदण्ड में निर्दिष्ट राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंक गारंटी और डिमांड ड्राफ्ट की राशि के लिए विधिवत् मुद्रांकित अग्रिम रसीद एक मुहरबंद लिफाफे में रखकर प्रस्तुत किया जाना चाहिए और लिफाफे पर **'नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की प्रिंटिंग हेतु कोटेशन - बयाना राशि (ईएमडी)'** लिखा होना चाहिए ताकि बैंक असफल बोलीकर्ताओं को बयाना राशि (ईएमडी) वापस कर सके.

ग) कोटेशन दस्तावेज के साथ प्रिंटर द्वारा जारी इस आशय का प्रमाणपत्र कि कोटेशन दस्तावेज में निर्दिष्ट सभी नियम व शर्तें उन्हें मंजूर हैं.

घ) उपर्युक्त तीनों मुहरबंद लिफाफों (क) तकनीकी बोली (ख) वित्तीय बोली और (ग) डिमांड ड्राफ्ट/ बैंक गारंटी, नियम एवं शर्तें मंजूर करने संबंधी प्रमाणपत्र और अग्रिम रसीद को एक अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना चाहिए और उस पर **'नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की प्रिंटिंग हेतु कोटेशन'** लिखा होना चाहिए.

ङ) प्राप्त बोलियों का उनकी गुणवत्ता और लागत आधारित चयन प्रक्रिया (क्यूसीबीएस) के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, इनका चरण इस प्रकार होगा :

चरण 1: तकनीकी बोली मूल्यांकन : इसके लिए 100 में से अंक दिए जाएंगे.

चरण 2 : तकनीकी अंक को तकनीकी स्कोर में बदलना : (उच्चतम स्कोर / वास्तविक स्कोर) x 80

चरण 3 : वित्तीय बोली मूल्यांकन : वास्तविक राशि पर विचार किया जाएगा.

चरण 4 : वित्तीय बोली की राशि को स्कोर में बदलना : (न्यूनतम भाव / वास्तविक भाव) x 100

चरण 5 : अंतिम चयन में समेकित तकनीकी स्कोर और अंतिम स्कोर का 80:20 का वेटेज : (चरण 2 + चरण 4 x 20)

च) बोलीकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे जांच सूची (अनुबंध II) देखें और पुष्टि करें कि कोटेशन्स पूरी तरह से उपर्युक्त अनुदेशों के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं. **<u>जो कोटेशन इन अनुदेशों के अनुरूप नहीं होंगे, उन्हें सीधे ही अस्वीकार किया जा सकता है.</u>**

छ) तकनीकी कोटेशन और वित्तीय कोटेशन को **24 जनवरी 2020 को 1600 बजे** खोला जाएगा. जिन मुद्रकों को तकनीकी बोली और वित्तीय बोली में पात्र पाया जाएगा, उन्हें इस संबंध में टेलीफोन/ ईमेल से सूचित किया जाएगा. निविदा दस्तावेजों को भरने के बारे में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए बोलीकर्ता डियर विभाग के डॉ.बिभुदत्त नायक, उप महाप्रबंधक (#022-26539539) या श्रीमती स्वाति रणदीवे, प्रबंधक (022-26539187) / श्रीमती देबलिना पात्रा प्रबंधक (022-26539460) से संपर्क कर सकते हैं.

ज) उपर्युक्त इंगित तरीकों के अलावा फैक्स/ ईमेल अथवा किसी अन्य तरीके से प्रस्तुत कोटेशनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा. केवल उन्हीं मुद्रकों की तकनीकी बोली खोली जाएगी जिनकी **बयाना राशि सही होगी**. प्रस्तुत तकनीकी मानदण्डों और आवश्यकतानुसार प्रिंटिंग सुविधाओं के निरीक्षण के आधार पर वैध बोलियों का मूल्यांकन किया जाएगा और इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा. **जिन बोलीकर्ताओं को उपर्युक्त के अनुसार सूचीबद्ध किया गया है**, केवल उन्हीं की वित्तीय बोली को खोला जाएगा. जो वित्तीय बोलियां **प्रोफार्मा बी के अनुसार नहीं होंगी अथवा किसी प्रकार से अपूर्ण होंगी**, उन्हें सीधे ही अस्वीकार किया जाएगा.

झ) **प्रोफार्मा 'ए' और 'बी' भरने के लिए अनुदेश :** कोटेशन भरने के लिए **प्रोफार्मा 'ए' और 'बी'** का कड़ाई से अनुसरण किया जाना चाहिए. प्रोफार्मा **स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में टंकित अथवा हस्तलिखित** होना चाहिए. यदि कोटेशन में किसी प्रकार का बदलाव किया गया है, तो इसे संबंधित हस्ताक्षरकर्ता द्वारा **समुचित रूप से अधिप्रमाणित** किया जाना चाहिए. जिन कोटेशनों में बदलाव किया गया है और इन्हें ऊपर इंगित किए गए अनुसार अधिप्रमाणित नहीं किया गय है, उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है. कोटेशन में किसी प्रकार की **ओवर-राइटिंग** होने की स्थिति में इसे अमान्य कर दिया जाएगा.

ञ) अंतिम चयन में तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के पक्ष में 80:20 का वेटेज दिया जाएगा. तकनीकी बोली का मूल्यांकन पूर्व में निष्पादित कार्य की गुणवत्ता और उनके निर्णय के अनुसार अन्य मानदण्डों के आधार पर एक आंतरिक समिति द्वारा किया जाएगा.

पात्रता/ अर्हता-पूर्व मानदण्ड

3. **बयाना राशि**: प्रत्येक कोटेशन के साथ **बयाना राशि के रूप में** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के पक्ष में जारी और मुंबई में देय ₹**2 लाख** का बैंक **डिमांड ड्राफ्ट** संलग्न होना चाहिए. वैकल्पिक

रूप में, बोलीकर्ता बयाना राशि के रूप में निर्धारित प्रोफार्मा में न्यूनतम छह महीनों के लिए **बैंक गारंटी** भी दे सकता है. आगे उल्लेख है कि,

क. जिन मुद्रकों का चयन प्रिंटिंग कार्य के लिए नहीं हो पाया हो, उनकी बयाना राशि वित्तीय बोली खोले जाने के **30 दिनों के भीतर बगैर ब्याज के** लौटा दी जाएगी.

ख. सफल बोलीकर्ता की बयाना राशि को **जमानत के रूप में** छह महीने की अवधि या प्रिंटिंग कार्य संतोषप्रद ढंग से पूरा हो जाने पर, इसमें से जो भी बाद में हो, संबंधित पक्ष को लौटा दी जाएगी. **बयाना राशि/ जमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.** बैंक गारंटी के मामले में, प्रिंटिंग कार्य पूरा होने के बाद और बिल के अंतिम निपटान के समय इसे निरस्त कर दिया जाएगा.

ग. जमानत राशि का जब्त होना : यदि चयनित मुद्रक, प्रकाशन की गुणवत्ता प्रिंटिंग और वितरण का कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा नहीं कर पाता है, तो उसकी पूरी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी. ऐसे वेंडरों को भविष्य में कोटेशन प्रक्रिया में भाग लेने से अयोग्य कर दिया जाएगा.

4. बोलीकर्ता को कोटेशन प्रस्तुत करने से पूर्व यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पात्रता/ अर्हता-पूर्व सभी मानदण्डों को पूरा करता हो. मुद्रक का चयन उसके पास उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, दक्षता और पूर्व में उनके द्वारा इसी प्रकार के निर्धारित मात्रा के प्रिंटिंग कार्य करने के उनके अनुभव के आधार पर ही किया जाएगा.

पात्रता की शर्तें :

क. मुद्रक को एक प्रतिष्ठित और पंजीकृत फर्म/ संगठन अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी होना चाहिए. फर्म/ कंपनी का जीएसटी के लिए पंजीकृत होना चाहिए. प्रमाणपत्रों की अधिप्रमाणित प्रतियां तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए.

ख. मुद्रक के पास एक वैध फैक्ट्री लाइसेन्स होना चाहिए. प्रमाणपत्रों की अधिप्रमाणित प्रतियां तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए.

ग. जिस फर्म के साथ नाबार्ड के किसी कर्मचारी अथवा उनके किसी परिवार के सदस्य का हित जुड़ा हो, उस फर्म के कोटेशन को स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसे सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा.

घ. मुद्रक ने पिछले 12 महीने में इसी प्रकार का दो कोटेशन, प्रत्येक **₹5 लाख या अधिक** का काम पूरा किया हो. मुद्रक को इस बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के समान आलेख, उच्च गुणवत्ता के पॉकेट चार्ट, फोटोग्राफ और सांख्यिकीय तालिकाओं आदि वाले वार्षिक रिपोर्ट मुद्रित करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए,

ङ. मुद्रक के पास डेस्क टॉप पब्लिशिंग (डीटीपी) की पूरी इन-हाउस सुविधा होनी चाहिए. मुद्रक के पास हाई-स्पीड इन्टरनेट कनेक्टिविटी सहित अद्यतन कंप्यूटर और लाइसेंसीकृत सॉफ्टवेयर के साथ-साथ लेजर-जेट कलर प्रिंटर्स् और इन-हाउस प्रिंटिंग सुविधा होनी चाहिए. मुद्रक के पास प्रकाशन की प्रतियां देश के किसी भी भाग में भिजवाने की सुविधा होनी चाहिए.

5. इस बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 के मुद्रण संबंधी अन्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

i. वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 का प्रकाशन तीन संस्करणों - द्विभाषी, अंग्रेजी और हिन्दी में किया जाएगा.

ii. वार्षिक रिपोर्ट के कागज़ और मुद्रण का गुणात्मक विवरण अनुबंध I में अंकित है.

iii. मुद्रण सामग्री कम्पैक्ट डिस्क/ रेडी टू प्रिंट पीडीएफ फार्मेट में पेन ड्राइव में उपलब्ध करायी जाएगी.

iv. मुद्रक को सामग्री उपलब्ध कराने के 2-3 दिन के भीतर मुद्रक द्वारा पहला प्रिंट प्रूफ बैंक को दिया जाना चाहिए.

v. मुद्रक को सुधार के लिए प्रूफ देने के **2** दिन के भीतर मुद्रक सुधारित प्रिंट प्रूफ अनुमोदन हेतु बैंक को उपलब्ध कराएगा. अंतिम रूप से अनुमोदित होने तक सभी सुधारों (करेक्शन्स) के लिए लेजर प्रिंट-आउट दिया जाना चाहिए. कुछ अध्यायों के लिए इस प्रकार के 5 से 6 रिपीट प्रूफ हो सकते हैं. कलर प्रूफ देने के लिए **अलग से प्रभार** नहीं लिया जाएगा. प्रकाशन के मुद्रण के बाद बैंक द्वारा प्रदत्त सभी मूल आर्टवर्क/ सामग्री बैंक को वापस लौटानी होगी.

vi. **अनुमोदित अंतिम सुधारित प्रूफ और लेआउट मुद्रक को दिए जाने के 5 दिन के भीतर वार्षिक रिपोर्ट की पूर्णत: तैयार कम से कम 200 मुद्रित (100 अंग्रेजी और 100 हिन्दी) प्रतियां हमारे प्रधन कार्यालय को सुपुर्द की जानी चाहिए**.

vii. **अनुमोदित अंतिम सुधारित प्रूफ और लेआउट मुद्रक को दिए जाने के 5 दिनों के भीतर वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 की कम से कम 100 (50 अंग्रेजी और 50 हिंदी) पूर्णत: तैयार प्रतियां नाबार्ड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय को तत्काल सुपुर्द की जानी चाहिए.**

viii. नाबार्ड द्वारा दिए गए बाहर के पतों पर वार्षिक रिपोर्ट की अपेक्षित प्रतियां मुद्रक भिजवाएगा. वार्षिक रिपोर्ट को आवश्यकतानुसार लकड़ी के बॉक्स/ कुरूगेटेड बॉक्स में पैक किया जाएगा.

लकड़ी के बॉक्स/ कुरुगेटेड बॉक्स पैकिंग प्रभार का ब्यौरा अलग-अलग दिया जाना चाहिए. मुद्रक, वार्षिक रिपोर्ट की शेष प्रतियां नाबार्ड के मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय में निशुल्क सुपुर्द करेगा. **बाहरी स्थानों में प्रतियों की सुपुर्दगी के लिए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति अलग से की जाएगी.**

ix. नाबार्ड के क्षेका/ प्रशिक्षण संस्थानों से वार्षिक रिपोर्ट प्रतियों की प्राप्ति की पुष्टि के बाद ही मुद्रक के बिल का भुगतान किया जाएगा. **नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय/ प्रशिक्षण संस्थान/ प्रधान कार्यालय में वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियों की अच्छी स्थिति में बिना किसी खराबी के प्राप्त उनकी संख्या के आधार पर मुद्रक के बिल का निपटान किया जाएगा.**

x. निर्धारित समय-सारणी का अनुपालन नहीं होने की स्थिति में बैंक को **प्रत्येक सप्ताह या इसके भाग के विलंब के लिए 2.5 प्रतिशत की दर से कुल बिल** का **अधिकतम 10 प्रतिशत का दण्ड लगाने का विकल्प होगा**. इस प्रकार, लगाए गए दण्ड की राशि को वार्षिक रिपोर्ट के मुद्रण के बिल से घटा दिया जाएगा. लेकिन, नाबार्ड के पास इस प्रकार की वसूली अन्य समुचित वैध तरीके से, जिन्हें उचित समझा जाए, करने का अधिकार रहेगा. इस प्रकार के विलम्ब के कारण मुद्रक को अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है.

xi. उपर्युक्त खंड x के प्रावधान के बावजूद यदि मुद्रक समय-सीमा का पालन करने में चूक करता है, तो नाबार्ड को तात्कालिक कार्य अन्य स्रोतों से करवाने (मुद्रक को सूचित करके) और इस पर हुए व्यय की राशि मुद्रक के बिल के निपटान के समय उससे वसूल करने का अधिकार होगा. तथापि, नाबार्ड इस राशि की वसूली अन्य वैध तरीकों से भी कर सकता है, जिन्हें उचित समझा जाए.

xii. मुद्रण के लिए अंतिम आदेश देने से पूर्व नाबार्ड कंप्यूटर पर समुचित कलर कंबिनेशन के साथ अंतिम लेआउट की जांच कर सकता है.

xiii. जो प्रतियां, किसी एकल पृष्ठ पर भी, अनुमोदित प्रूफ/ लेआउट के अनुरूप न हों, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा.

xiv. मुद्रण का कार्य जुलाई 2020 के प्रथम सप्ताह में आरंभ हो जाना चाहिए.

xv. मुद्रक द्वारा प्रस्तावित दर मुद्रक के संविदा स्वीकार करने के 180 दिन या बिल के अंतिम निपटान, इसमें से जो भी बाद में हो, तक वैध रहेगा.

6. नाबार्ड इस कार्य की गुणवत्ता और समय-सारणी को बहुत महत्व देता है. **नाबार्ड के पास किसी या सभी कोटेशन को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा.**

7. मुद्रक को यह विशेष रूप से इंगित करना चाहिए कि उसे उपर्युक्त सभी नियम व शर्तें बिना शर्त स्वीकार्य हैं.

8. जिन निविदाओं में सभी अपेक्षित सूचनाएं समाहित न हों, उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है. बोलीकर्ता द्वारा सभी कीमतें भारतीय (₹) में अंकित की जाएंगी और अंतिम होंगी और उनके लिए बाध्यकारी होंगी और कीमतों में वृद्धि नहीं की जा सकेगी. मुद्रक द्वारा प्रदत्त सभी ट्रेड का नकद छूट का ब्यौरा स्पष्ट रूप से निविदा प्रस्ताव में ही दिया जाना चाहिए. बोली जमा करने के बाद इस प्रकार के छूट प्रस्ताव पर निविदा के मूल्यांकन के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

9. कार्य का निष्पादन संतोषप्रद ढंग से नहीं होने या समय-सारणी का कड़ाई से अनुपालन नहीं होने की स्थिति में नाबार्ड को संविदा को समाप्त करने, कार्य आदेश को विभक्त करने, किसी कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने, किसी भी समय किसी नियम या शर्त या सभी नियमों और शर्तों को परिवर्तित करने का अधिकार होगा. बोली के मूल्यांकन और/ या संविदा देने संबंधी बैंक का निर्णय अंतिम होगा.

10. यदि बोलीकर्ता बैंक के किसी कर्मचारी से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोटेशन स्वीकार करने के बारे में कोई मोलभाव करता है, तो उसके कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे बैंक द्वारा काली सूची में डाल दिया जाएगा.

अनुबंध - I

नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट - 2019-20:

कागज़ की गुणवत्ता और मुद्रण संबंधी विशिष्ट विवरण

मात्रा : कुल 4,500 प्रतियां (द्विभाषी - 400, हिन्दी - 300, अंग्रेजी - 3800)

सामान्य : वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 दिखने में सामान्यत: वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 की तरह ही होगी.

डिजाइन : नाबार्ड द्वारा तैयार और प्रदत्त डिजाइन के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण होगा.

आकार :

- इस वार्षिक रिपोर्ट का आकार पिछले वर्ष (2018-19) की रिपोर्ट के समान 11" x 8½" ही होगा.
- पृष्ठों की संख्या लगभग **500** होगी अर्थात् द्विभाषी प्रतियों के लिए प्रत्येक 4 पृष्ठों का **125 फार्मा** और हिन्दी और अंग्रेजी प्रतियों के प्रत्येक **250 पृष्ठ** (4 **पृष्ठों के लगभग 62 फार्मा**).
- **पृष्ठों की संख्या अनुमानित है और इसकी संख्या घट या बढ़ सकती है.**

विषय-वस्तु :

अ. द्विभाषी प्रतियों में हिन्दी सामग्री पहले मुद्रित होगी और इसके बाद अंग्रेजी

आ. नाबार्ड पीडीएफ फार्मेट में रेडी-टू-प्रिंट सामग्री उपलब्ध कराएगा.

कागज़ की गुणवत्ता :

मुख पृष्ठ : ***<u>सर्वोत्तम 300 जीएसएम का यूगो फोरेन आर्ट कार्ड</u>*** *जिसमें चार कलर प्रिंटिंग समाहित किया जाएगा और लैमिनेटा मैट फिनिश किया जाएगा.*

अंदर के पृष्ठ : ***<u>सर्वोत्तम 100 जीएसएम फिनलैंड लूमि मैट आर्ट पेपर</u>***.

इस वार्षिक रिपोर्ट में लगभग 75 फोटोग्राफ और 75 चार्ट होंगे.

मुद्रण

अ. प्रक्रिया - ऑफसेट प्रिंटिंग

आ. कलर - द्विभाषी प्रति के लिए लगभग 500 पृष्ठों के चार कलर और अंग्रेजी और हिन्दी प्रतियों के प्रत्येक के लिए 250 पृष्ठ.

<u>कोटेशन के साथ कागज़ के नमूने और मुद्रक द्वारा किए गए इसी प्रकार के दस्तावेजों के नमूने संलग्न होने चाहिए. ऐसा नहीं होने पर कोटेशन अस्वीकार कर दिया जाएगा.</u>

बैंक गारंटी का प्रोफार्मा

स्थान :
दिनांक :

मुख्य महाप्रबंधक
नाबार्ड
आर्थिक विश्लेषण एवं अनुसंधान विभाग
बांद्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051

प्रिय महोदय,

नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 का मुद्रण, आपूर्ति और पैकिंग

जबकि

1. बांद्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई स्थित नाबार्ड, प्रधान कार्यालय (इसके बाद इसे बैंक कहा गया है) ने निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट नियम व शर्तों पर **"नाबार्ड वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 के मुद्रण, आपूर्ति और पैकिंग"** के लिए कोटेशन आमंत्रित किया है.

2. निविदा की एक शर्त यह है कि निविदाकर्ता को ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) बयाना राशि के लिए डिमांड ड्राफ्ट के स्थान पर इतनी ही राशि की बैंक गारंटी देनी होगी.

3. मै.____ (यहां इसके बाद इन्हें निविदाकर्ता कहा गया है), जो हमारे घटक हैं और उक्त मुद्रण कार्य के लिए निविदा प्रस्तुत करना चाहते हैं और हमसे बैंक के पक्ष में उक्त ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) की गारंटी देने का अनुरोध किया है.

अब यह गारंटी निम्नलिखित के साक्ष्य स्वरूप है

1. हम ______________ (बैंक) इसके द्वारा सहमत हैं और नाबार्ड, उसके उत्तराधिकारियों, समनुदेशिती को वचन देते हैं कि यदि नाबार्ड इस निर्णय पर पहुंचता है कि निविदाकर्ता ने निर्धारित शर्तों के तहत अपने दायित्वों का पालन नहीं किया हो या इनका उल्लंघन किया है, तो यह निर्णय हम पर और उक्त निविदाकर्ता पर बाध्यकारी होगा और नाबार्ड से मांग किए जाने पर हम बिना किसी आपत्ति के नाबार्ड को ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) या नाबार्ड की मांग के अनुसार इससे कम राशि का भुगतान करेंगे. हमारी गारंटी निर्धारित शर्तों के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने के लिए बयाना राशि के समान मानी जाएगी, बशर्ते तथापि इस प्रकार की राशि के समक्ष हमारी देयता ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) से अधिक की नहीं होगी.
2. हम इस बात से भी सहमत हैं और वचन देते हैं कि नाबार्ड से नोटिस के माध्यम से मात्र मांग किए जाने पर बिना किसी आपत्ति के और कोई साक्ष्य की मांग किए बगैर ₹2 लाख (रुपए दो

लाख मात्र) से अनधिक की राशि का भुगतान करने की पुष्टि करते हैं. नाबार्ड से प्राप्त नोटिस हमारे लिए बाध्यकारी होगा और हम इस पर किसी प्रकार का प्रश्न चिह्न नहीं लगायेंगे. हम वचन देते हैं कि नाबार्ड से उक्त नोटिस की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर हम दावा राशि का भुगतान करेंगे.

3. हम पुष्टि करते हैं कि इस गारंटी के अंतर्गत नाबार्ड के प्रति हमारा दायित्व नाबार्ड और निविदाकर्ता के मध्य निष्पादित करार या करारों से स्वतंत्र होगा.

हम यह गारंटी नाबार्ड की लिखित पूर्व सहमति के बगैर प्रतिसंहरित नहीं करेंगे. हम इसके द्वारा आगे सहमत हैं कि-

क) नाबार्ड द्वारा उक्त करार की शर्तों को लागू करने में प्रविरत रहने या रत रहने या उक्त निविदा में निर्दिष्ट किसी नियम व शर्त के अनुपालन और/या नाबार्ड द्वारा निविदाकर्ता को समय दिए जाने या उदारता दिखाने की वजह से इस गारंटी के तहत नाबार्ड के प्रति हमारे दायित्वों से हमें कोई छूट नहीं मिलेगी. यह गारंटी केवल निविदाकर्ता द्वारा दायित्वों के निर्वहन से ही उन्मोचित होगा और ऐसा नहीं होने पर हमारे द्वारा ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) के भुगतान किए जाने पर.

ख) इस गारंटी के तहत हमारी देयता ₹2 लाख (रुपए दो लाख मात्र) से अधिक नहीं होगी.

ग) इस करार के तहत हमारी देयता उक्त मुद्रण के लिए निविदा करने या इसके तहत उनके दायित्वों या हमारे उक्त घटकों के परिवर्तन या विघटन की वजह से हमारे घटक की अक्षमता या अनियमितता के कारण कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

घ) यह गारंटी __________ तक लागू रहेगी और यदि नाबार्ड चाहे तो यह गारंटी उनके द्वारा इंगित किए गए अनुसार इन्हीं शर्तों पर और अवधि के लिए बढ़ायी जा सकती है.

ङ) इस गारंटी के अंतर्गत हमारी देयता नवीकृत नहीं किए जाने पर _________ को या उक्त घटक द्वारा अपने दायित्वों को पूरा करने पर, इसमें से जो भी बाद में हो, समाप्त होगी, इसके लिए नाबार्ड से एक लिखित प्रमाणपत्र प्राप्त होना अनिवार्य होगा. उक्त तिथि या बढ़ायी गई तिथि से तीन महीनों के भीतर यदि हमारे विरुद्ध कोई दावा या मामला या कार्रवाई शुरू नहीं की जाती है तो इस गारंटी के अंतर्गत नाबार्ड के सारे अधिकार समाप्त हो जाएंगे और हम इस गारंटी के तहत सभी दायित्वों और देयताओं से मुक्त हो जाएंगे

भवदीय

___________________ बैंक के लिए और की

ओर से

प्राधिकृत अधिकारी.

(ध्यानार्थ : इस गारंटी पर संबंधित राज्य में लागू स्टाम्प ड्यूटी लगेगा और हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर और प्राधिकार को सत्यापित किया जाएगा).

प्रोफार्मा 'ए'

कोटेशन भाग 1- तकनीकी बोली

1	कंपनी/ फर्म का नाम	
2	पंजीकरण संख्या और पंजीकरण की तिथि -	
3	जीएसटी नंबर	
4	वर्तमान बिक्री कर / वैट नंबर (प्रमाणपत्रों की प्रतियां संलग्न करें)	
5	फैक्टरी लाइसेंस नंबर (प्रमाणपत्र की प्रति संलगन करें)	
6	पत्राचार का पता (फैक्स और ईमेल सहित)	
7	आयात लाइसेंस का नंबर	
8	पिछले तीन वर्षों के आयकर रिटर्न के अनुसार वार्षिक टर्नओवर (₹ लाख में)	2016-17 2017-18 2018-19
9	पिछले तीन वर्षों में कर भुगतान के बाद लाभ (₹ लाख में)@	2016-17 2017-18 2018-19
10	कम से कम पिछले दो वर्क ऑर्डर की संविदा राशि *	1. 2.
11	पिछले पाँच वर्षों के दौरान प्रमुख ग्राहकों की सूची	
12	कंपोजिंग और एडिटिंग के काम के लिए कर्मचारियों की संख्या	क) अंग्रेजी ख) हिंदीः ग) द्विभाषीः
	कम्प्यूटर सुविधा क) सर्वर कम्प्यूटरों की संख्या ख) डेस्क टॉप सिस्टम की संख्या ग) लेजर जेट/ अन्य एडवांस प्रिंटर्स की संख्या : जिसमें से ..... कलर प्रिंटर्स घ) इन्टरनेट कनेक्टिविटि (विवरण दें)	संख्या प्रकार/ मॉडल **उपलब्ध/ उपलब्ध नहीं**
13		**संख्या प्रकार/ मॉडल**
14	इमेज सेटलर्स	
15	इमेज प्रोसेसर्स	
16	प्लेट प्रोसेसर्स	
17	कलर मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर	
18	कलर प्रूफर	
19	रेडियस मानीटर	

20	स्कैनर्स	
21	आटोमेटिक - 4 कलर प्रिंटिंग मशीन	
22	आटोमेटिक फोल्डिंग मशीन	
23	बाइंडिंग मशीन (परफेक्ट बाइंडिंग)	
24	लैमिनेशन मशीन	
25	पिछले दो वर्षों के दौरान इसी प्रकार के (वार्षिक रिपोर्ट) किए गए काम का नमूना	
26	बयाना राशि (₹2 लाख)	अदाकर्ता बैंकः डिमांड ड्राफ्ट सं. और दिनांक
27	बैंक गारंटी	विवरणः बैंक/ शाखा_______ बैंक गारंटी सं. दिनांक राशि अवधि
28	बोलीकर्ता के बैंक का नाम और पता	
29	**कोई अन्य विशेष सूचना जो मुद्रक देना चाहे**	

@ न्यूनतम टर्नओवर कम से **कम ₹1 करोड़** होना चाहिए. मद संख्या 8 और 9 में उल्लेख किए गए अनुसार तीन वर्षों का वार्षिक लेखापरीक्षित तुलन पत्र और लाभ और हानि खाते की प्रतियां संलग्न करें.

* प्रत्येक **₹5 लाख या अधिक**. प्रदत्त संविदा की प्रति संलग्न करें.

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त ब्योरे सही हैं.

दिनांकः

स्थानः

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का हस्ताक्षर
(कंपनी/ फर्म का नाम)

कंपनी की सील

प्रोफार्मा 'बी'

कोटेशन भाग II - वित्तीय बोली

I. वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 का मुद्रण (लागू कर का ब्योरा अलग से इंगित करें)

अः मुख पृष्ठ

i. यूगो फोरेन आर्ट कार्ड 300 जीएसएम कागज पर 4,500 प्रतियों का प्रति लॉट चार्जेज (द्विभाषी - 400, हिंदी-300, अंग्रेजी-3,800)

ii. 4,500 प्रतियों के 4 कलर में दोनों ओर अंदर के पृष्ठ में ग्राफ/ फोटोग्राफ प्रिंटिंग सहित - प्रति लॉट कवर के लिए प्रोसेसिंग और प्रिंटिंग चार्जेज

iii. लैमिनेशन की लागत (4,500 प्रतियों के प्रति लॉट के लिए मैट/ग्लॉस)

आ. अंदर के पृष्ठों के लिए (4 पृष्ठ फार्मा आधार पर कोट किया जाना चाहिए)

सफेद / टिंटेड बैकग्राउंड में 4 कलर में प्रिंटिंग, कम्पलीटेड आर्ट वर्क से. वार्षिक रिपोर्ट में लगभग 75 कलर फोटोग्राफ और 75 ग्राफ मुद्रित किए जाएंगे.

क. प्रति फार्मा (4 पृष्ठ प्रत्येक) टेक्स्ट और टेबुलर प्रिंटिंग - 4,500 प्रतियों का 100 जीएसएम फिनलैंड लूमि मैट आर्ट पेपर की लागत (साइज - 8.5" x 11") टेक्स्ट - फोटोग्राफ/ ग्राफ - 4 कलर की प्रिंटिंग में

ख. रिपोर्ट की सर्वोत्तम बाइंडिंग

'अ' और 'आ' के लिए समेकित कोट दिया जाना चाहिए.

अंदर के पृष्ठों के लिए वास्तविक संख्या के आधार पर भुगतान किया जाएगा जिसके लिए प्रति फार्मा के आधार पर कोट दिया जाना चाहिए.

इ. पैकिंग प्रभार (i) लकड़ी के बॉक्स के लिए प्रति बॉक्स

(ii) **करूगेटेड** बॉक्स के लिए प्रति बॉक्स

दिनांक :

स्थान : प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

(कंपनी / फर्म का नाम)

कंपनी की सील

अनुबंध ॥

कोटेशन प्रस्तुत करने हेतु जांच सूची

अ. बयाना राशि

- बयाना राशि की समकक्ष राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंक गारंटी
- बयाना राशि से संबंधित डिमांड ड्राफ्ट वापसी हेतु रेवेन्यु स्टाम्प लगी और विधिवत् अधिप्रमाणित अग्रिम रसीद
- कोटेशन दस्तावेज की एक विधिवत् प्रमाणित प्रति जिसमें मुद्रक ने नियम व शर्तें स्वीकार की हों.

आ. तकनीकी बोली प्रोफार्मा 'अ' में - विधिवत् भरे गए कोटेशन दस्तावेज - निम्नलिखित दस्तावेजों की अधिप्रमाणित प्रतियों के साथ -

- पंजीकरण प्रमाणपत्र की अधिप्रमाणित प्रति
- साझेदारों और निवेशकों की सूची
- फैक्टरी लाइसेंस के प्रमाणपत्र की अधिप्रमाणित प्रति
- राज्य/ केन्द्र बिक्री कर पंजीकरण (वैट नंबर सहित) के प्रमाणपत्र की अधिप्रमाणित प्रति
- आयात लाइसेंस के प्रमाणपत्र की अधिप्रमाणित प्रति
- इसी प्रकार के काम से संबंधित ₹5 लाख या अधिक के ब्योरे (नवीनतम)
- पिछले तीन मुद्रित वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां

इ. वित्तीय बोली प्रोफार्मा 'आ' में - विधिवत भरे गए कोटेशन दस्तावेज, निम्नलिखित के **ए4 साइज के सैम्पल कागज के दो सेट** के साथ

- 300 जीएसएम यूगो आर्ट कार्ड - मुख पृष्ठ के लिए
- 100 जीएसएम लूमि मैट आर्ट पेपर - अंदर के पृष्ठ के लिए.